पंजीयन क्रमांक 3/एस.जी.आर. दिनांक 13.02.1996 कार्यालय फोन–(07683) 240344, 244384
E-mail-ssnsbtikg@gmail.com

# SARDARSINGH NAGRIK SAHAKARI BANK, MARYADIT, TIKAMGARH
# सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित

विश्वनाथ चौराहा, टीकमगढ़ (म.प्र.) – 472001

क्रमांक स. ना. स. बैंक 2682 टीकमगढ़ दिनांक 09.11.2021

## बैक में कम्प्यूटर सहायक एवं सहायक लेखापाल की संविदा आधार पर भर्ती हेतु विज्ञापन

सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित टीकमगढ़, बैंक के मुख्यालय टीकमगढ़ और बैक की टीकमगढ़, खरगापुर, जतारा एवं बड़ागॉव शाखाओं हेतु कम्प्यूटर सहायक एवं सहायक लेखापाल पदो की संविदा आधार पर भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

### पदों का विवरण

| क्र. | पद का नाम | पदो की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर सहायक | 4 |
| 2 | सहायक लेखापाल | 4 |
| | बैक की आवश्यकतानुसार पदों की संख्या में बृद्धि की जा सकती है। | |

पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 06.12.2021 शाम 5.00 बजे तक

### 1–शैक्षणिक योग्यता :–

पदक्रमांक–1 कम्प्यूटर सहायक पद हेतु

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक हो वाणिज्यिक स्नातक/बैंकिंग के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जावेगी। साथ ही शासन द्वारा पॉलीटेकनिक संस्था से 3 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा धारकों को स्नातक के समकक्ष मान्यता दी जावेगी।
2. कम्प्यूटर ज्ञान के लिए DCA/PGDCA/कम्प्यूटर विज्ञान अथवा सूचना प्रोद्योगिकी में स्नातक होना चाहिए।
3. अनुभव के लिए अनुभव प्रमाण पत्र और खाता विवरणी में वेतन जमा की प्रविष्टियाँ होनी चाहिए।

पदक्रमांक–2 सहायक लेखापाल पद हेतु

1. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। सहायक लेखापाल के लिए वाणिज्य स्नातक तथा अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जावेगी।
2. कम्प्यूटर ज्ञान के लिए DCA/PGDCA/कम्प्यूटर विज्ञान अथवा सूचना प्रोद्योगिकी में स्नातक होना चाहिए।
3. अनुभव के लिए अनुभव प्रमाण पत्र और खाता विवरणी में वेतन जमा की प्रविष्टियाँ होनी चाहिए।

### 2–वेतन:–

| पद का नाम | वेतन |
|---|---|
| कम्प्यूटर सहायक | रू. 12000/– प्रतिमाह |
| सहायक लेखापाल | रू. 14000/– से रू. 20000/– प्रतिमाह (साक्षात्कार के दौरान निर्धारित किया जायेगा) |

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के नियमानुसार कर्मचारी भविष्य निधि वेतन के अतिरिक्त देय होगी।

3—आयु :—

पद क्रमांक—1 कम्प्यूटर सहायक पद हेतु 01.11.2021 को आयु

मध्यप्रदेश के मूल निवासी आवेदकों के लिए — 18 से 40 वर्ष ।

मध्यप्रदेश से बाहर के आवेदकों के लिए — 18 से 35 वर्ष।

पद क्रमांक—2 सहायक लेखापाल पद हेतु 01.11.2021 को आयु

मध्यप्रदेश के मूल निवासी आवेदकों के लिए — 18 से 40 वर्ष ।

मध्यप्रदेश से बाहर के आवेदकों के लिए — 18 से 35 वर्ष।

**4—आवेदन शुल्क :—** पद क्रमांक—1 कम्प्यूटर सहायक एवं पद क्रमांक—2 सहायक लेखापाल दोनों पदों के लिए आवेदन शुल्क रू. 250.00 प्रति आवेदन निर्धारित किया गया है । दोनों पदों के आवेदन करने के इच्छुक आवेदक प्रत्येक पद के लिए अलग — अलग आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक आवेदन के शुल्क का भुगतान सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, टीकमगढ़ के पक्ष में जारी बैंक ड्राफ्ट द्वारा देय होगा, जो कि वापसी योग्य नहीं है।

5. पद क्रमांक—1 कम्प्यूटर सहायक एवं पद क्रमांक—2 सहायक लेखापाल दोनों पदों के लिए मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**6—आवश्यक दस्तावेज —** आवेदन के साथ सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार, डिप्लोमा प्रमाण—पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियां संलग्न करना आवश्यक है।

**7—भर्ती का पूर्ण विवरण और आवेदन—पत्र की प्राप्ति :—** भर्ती का पूर्ण विवरण और आवेदन—पत्र बैंक की वेबसाईट www.ssnsbank.com से डाउनलोड कर, आवेदन पूर्ण रूप से भरकर, आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट और आवश्यक दस्तावेजों की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न कर प्रबंधक 'सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विश्वनाथ चौराहा टीकमगढ़ (म.प्र.) पिन—472001 के पते पर केवल पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट द्वारा प्रेषित करें। अन्य किसी माध्यम द्वारा भेजा गया आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा।

**8—साक्षात्कार के लिए चयन का आधार—**

1. पदक्रमांक—1 कम्प्यूटर सहायक पद हेतु साक्षात्कार के लिए चयन पद के लिए अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर किया जायेगा।
2. पदक्रमांक—2 सहायक लेखापाल पद हेतु साक्षात्कार के लिए चयन पद के लिए अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर किया जायेगा।

**9—साक्षात्कार के लिए बुलावे की सूचना—**

पद क्रमांक—1 कम्प्यूटर सहायक एवं पद क्रमांक—2 सहायक लेखापाल दोनों पदों के लिए —

1. साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थी को साक्षात्कार की सूचना अभ्यर्थी के ई—मेल पर दी जायेगी। जिसके लिए आवेदन पत्र में अभ्यर्थी की स्पष्ट ई—मेल आईडी अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में आवेदन पत्र के ई—मेल आईडी वालें कॉलम में दो बार भरा होना आवश्यक है।

10—भर्ती की शर्ते :—

A. विज्ञापित पदो के लिए संविदा आधार पर नियुक्ति प्रथमतः एक वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी। एक वर्ष पश्चात कार्य की समीक्षा एवं आचरण संतोषजनक पाये जाने पर समान पद के लिए संविदा आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति की जा सकेगी, तत्पश्चात तीन बार प्रत्येक वर्ष समाप्त होने के पश्चात कार्य की समीक्षा एवं आचरण संतोषजनक पाये जाने पर समान पद के लिए संविदा के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति की जा सकेगी, 5 वर्ष पश्चात् कार्य की समीक्षा एवं आचरण संतोषजनक पाये जाने पर नियमित नियुक्ति की जा सकेगी, कार्य एवं आचरण संतोषजनक नहीं पाये जाने पर सेवा कभी भी समाप्त की जा सकती है।

B. आवेदन—पत्र के साथ शैक्षणिक प्रमाण—पत्र, आधार, डिप्लोमा प्रमाण—पत्र, अनुभव प्रमाण—पत्र, एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियाँ एवं आवेदन शुल्क का बैंक ड्राफ्ट संलग्न होना चाहिए।

C. साक्षात्कार में आने—जाने का यात्रा व्यय/भत्ता इत्यादि नहीं दिया जावेगा।

D. अंतिम चयन स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र तथा पुलिस विभाग का चरित्र सत्यापन प्रमाण–पत्र, अनुकूल होने पर ही पूर्ण माना जावेगा।

E. दो से अधिक संतान वाले अभ्यर्थी अपात्र होंगे यदि, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है (परन्तु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।)

F. भर्ती प्रक्रिया संशोधित करने/विलोपित करने एवं उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार संचालक मण्डल के पास सुरक्षित रहेंगे।

G. आवेदन अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण होने पर निरस्त कर दिया जावेगा।

H. समस्त संलग्न दस्तावेज स्व हस्ताक्षरित होने चाहिए।

I. आवेदन–पत्र के साथ स्वयं का पत्राचार का पूर्ण पता लिखा हुआ रू. 5.00 का डाक टिकट लगा एक रिक्त लिफाफा संलग्न करना होगा।

J. निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र केबल पंजीकृत डांक/स्पीड़ पोस्ट द्वारा प्रबंधक, सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित टीकमगढ़, विश्वनाथ चौराहा, टीकमगढ़ (म.प्र.) पिन–472001 के पते पर दिनांक 06.12.2021 शाम 5.00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए, इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों को मान्य नहीं किया जायेगा।

**प्रबंधक**

सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित

विश्वनाथ चौराहा टीकमगढ. (म.प्र.) पिन–472001

# आवेदन–पत्र का प्रारूप

| |
|---|
| नवीनत<br>स्वहस्ताक्षरित<br>पासपोट साईज<br>फोटो |

प्रति,
प्रबंधक
सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
विश्वनाथ चौराहा, टीकमगढ़ (म.प्र.) पिन–472001

**विषय :– .............................................................. पद हेतु आवेदन–पत्र।**

महोदय,

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम (हिन्दी में) | |
| | (अंग्रेजी बड़े अक्षरों में) | |
| 2 | पिता/पति का नाम | |
| 3 | पहचान–पत्र (संलग्न करें) | आधार नं.– |
| | | PAN नम्बर– |
| 4 | संपर्क नंबर – मोबाइल नंबर (यदि लैण्ड लाईन हो तो एस.टी.डी. कोड सहित लिखें) | |
| 5 | पत्राचार का पूर्ण पता पिनकोड सहित | |
| 6. | स्थायी पता पिनकोड सहित | |
| 7 | ईमेल आई.डी. (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | |
| | ईमेल आई.डी. (दोबारा) | |
| 8 | लिंग (पुरूष/महिला) | |
| 9 | जन्मतिथि | |
| 10 | आयु (01.11..2021 को) | ..........................वर्ष..............................माह......................दिन |
| 11 | ड्राफ्ट का विवरण (मूल प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें) | ड्राफ्ट क्र. ................................ दि. ...................................<br>राशि रू. ................................ |
| 12 | विवाहित/अविवाहित | |
| 13 | बैकिंग कार्य का अनुभव (प्रमाण–पत्र एवं वेतन की खाता विवरणी संलग्न करें) | |

| 14 | शैक्षणिक योग्यता :– <br> (हाईस्कूल–10वी. की उत्तीर्ण परीक्षा से प्रारम्भ कर भरें) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड / विवि का नाम | वर्ष | विषय | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 15 | अन्य योग्यता / अनुभव (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) – | | | | | | | |

*नोट–*

1. आवेदन अपूर्ण अथवा त्रुटि पूर्ण होने पर निरस्त कर दिया जावेगा।
2. समस्त संलग्न दस्तावेज स्व. हस्ताक्षरित होने चाहिए।
3. रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा। अन्य माध्यम से आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा।

## घोषणा–पत्र

मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारियाँ क्रमांक 1 से 15 सही एवं सत्य है।

स्थान–

दिनांक– आवेदक के हस्ताक्षर